भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1816
सोमवार, 10 मार्च, 2025/19 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन स्थलों पर किफायती आवास

1816. श्री उत्कर्ष वर्मा मधुर:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का पर्यटन स्थलों पर रह रहे निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों को किफायती आवास उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव है क्योंकि निम्न और मध्यम वर्ग के लोग प्रायः सड़क किनारे अथवा सार्वजनिक केन्द्रों के निकट रहते हुए पाए जाते हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): भारत सरकार ने 2025-26 की बजट घोषणा में होमस्टे के लिए मुद्रा ऋण की घोषणा की है, जिससे आवास के विकल्पों की उपलब्धता बढ़ेगी।

सरकार ने ‘प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान’ के हिस्से के रूप में पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत जनजातीय होमस्टे विकसित करने की पहल को मंजूरी दी है। उक्त पहल में ₹5 लाख प्रति इकाई (नए निर्माण के लिए), ₹3 लाख (नवीनीकरण के लिए) और ग्रामीण समुदाय की आवश्यकता के लिए ₹5 लाख तक की सहायता के साथ 1000 होमस्टे का विकास शामिल है।

*****